दिनांकः 02.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य में आज से एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपनी रेंज का दौरा करेंगे–कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम और लम्बित मामलों की करेंगे समीक्षा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर "राइजिंग राजस्थान" इन्वेस्टमेंट समिट के लिए आमंत्रित किया।
- भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से–प्रदेश में इसकी कल से होगी शुरूआत।
- राज्य में आज से विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश का दौर शुरू होने और इसके एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना।

000

राज्य में आज से एडीजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपनी–अपनी रेंज का दौरा कर कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे फीडबैक लेकर अपराधों पर लगाम कसेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को गृह विभाग की समीक्षा बैठक में इस संबंध में दिशा–निर्देश दिये थे। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि सभी रेंज प्रभारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस को रेंज का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति और अपराधों की रोकथाम तथा लम्बित मामलों की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये गये हैं। श्री साहू ने बताया कि सभी रेंज प्रभारी एडीजी अपने दौरे के दौरान सुरक्षा सखियों से बात कर महिला और बाल अपराधों से संबंधित मामलों के बारे में अलग से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही सभी रेंज में निर्भया स्क्वाड, एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्पलाइन की सक्रियता की भी विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने दिसम्बर में होने जा रहे "राइजिंग राजस्थान" इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। श्री शर्मा ने राज्य के समग्र विकास, प्रगति और जनकल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संबंध में चर्चा की। अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात कर इन्वेस्टमेंट समिट की विस्तृत कार्ययोजना और प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

000

इस साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की इस अवधि के संग्रह एक लाख 59 हजार करोड़ रुपये की तुलना में यह 10 प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजित करने से पहले केंद्र सरकार ने 30 हजार आठ

सौ 62 करोड़ रुपये और राज्यों ने 38 हजार चार सौ 11 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। आयात और अंतर–राज्यीय बिक्री पर एकीकृत जीएसटी संग्रह 93 हजार छह सौ 21 करोड़ रुपये रहा।

000

प्रदेश में सब इंस्पेक्टर भर्ती–2021 में पेपर लीक मामले में एसओजी ने पूछताछ के बाद पांच ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार कर कल कोर्ट में पेश किया, जहां पर उन्हें छह दिन के रिमांड पर एसओजी को सौंप दिया गया। गिरफ्तार लोगों में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका के बेटा–बेटी भी शामिल हैं। एसओजी ने शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) से इन सभी ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया था। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों पर परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने सहित अन्य आरोप है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगामी दिनों में और गिरफ्तारी संभव है। एसओजी एडीजी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती, पेपर लीक मामले में एसओजी अब तक 42 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गिरोह से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

000

उदयपुर से आगरा के बीच चलाई जा रही वंदे भारत ट्रेन से अब सवाईमाधोपुर और गंगापुर सिटी के निवासी भी लाभान्वित होंगे। ये सेमी हाई स्पीड ट्रेन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, गुरुवार तथा शनिवार को संचालित की जा रही है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि आज से जिलेवासियों को ये सौगात मिलने जा रही है।

000

भारतीय जनता पार्टी आज से सदस्यता अभियान शुरू कर रही है। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी सदस्यता का नवीकरण प्रमाण पत्र देकर अभियान का शुभारंभ करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सभी वर्तमान सदस्यों को अपनी सदस्यता का नवीकरण कराना होगा। पार्टी संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है। यह अभियान आज से दस नवम्बर तक विभिन्न चरणों में आयोजित होगा। मिस्ड कॉल और क्यू आर कोड स्कैन कर और पार्टी की वेबसाइट के माध्यम से सदस्यता ली जा सकेगी। जिन क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा नहीं होगी, वहां पर ऑफलाइन भी सदस्यता ग्रहण की जा सकेगी। इधर, प्रदेश में भाजपा सदस्यता अभियान कल से शुरू होगा। प्रदेश के सभी 51 हजार बूथों पर एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के प्रदेश संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सहित भाजपा पदाधिकारी सदस्यता ग्रहण करेंगे।

000

प्रदेश में आज से विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश का दौर शुरू होने और इसके एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के कई भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। इससे पहले कल कई जिलों में बारिश हुई। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद रुक रुक कर तेज बारिश का दौर देर रात तक चला। इस बीच, डूंगरपुर में आज सुबह से हल्की बरसात का दौर बना हुआ है। जिले में पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश के बाद जलाशयों में पानी की आवक जारी है। अमरपुरा बांध छलक गया है। भरतपुर में रात से

ही रिमझिम बारिश का दौर जारी है। सवाईमाधोपुर में कल शाम से शुरू हुआ बरसात का दौर देर रात तक जारी रहा। कभी तेज तो कभी मध्यम बरसात से कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। टोंक में बीती रात से रिमझिम बारिश हो रही है। भीलवाड़ा में कल कहीं मूसलाधार तो कहीं रिमझिम बारिश हुई। अजमेर में दिनभर की उमस के बाद रात को मौसम में बदलाव के साथ ही बारिश का दौर शुरू हुआ। इससे कई जगह पर पानी भर गया। बांसवाडा में भी मूसलाधार बारिश हुई।

000

अब खबरें पेरिस पैरालिंपिक्स की –

पेरिस पैरालिंपिक्स के चौथे दिन भी भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद–टी 47 स्पर्धा में निशाद कुमार ने दो दशमलव चार मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। इसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक हैं। प्रीति पाल ने महिलाओं की दो सौ मीटर टी–35 स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। महिला बैडमिंटन में तुलासिमति मुरुगेसन, मनीषा रामदास को हराकर महिला सिंगल्स एसयू–5 स्पर्धा के फाइनल में पहुंची। आज फाइनल में उनका मुकाबला चीन की क्यू जिया यांग से होगा। कांस्य पदक के लिए मनीषा का सामना डेनमार्क की कैथरीन रोजेनग्रेन से होगा। पुरुष सिंगल्स बैडमिंटन में भारत के नितेश कुमार फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के बेथेल डेनियल को टक्कर देंगे।

000